an>

title: Need to release funds under the Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna to Bihar.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : माननीय अध्यक्ष महोदया, आपने बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने का मौका दिया, बहुत-बहुत धन्यवाद।

मैं बिहार में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के बारे में आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। केन्द्र सरकार की यह योजना वर्ष 2000 में एन.डी.ए. सरकार द्वारा शुरू हुई थी, मगर अत्यन्त ही खेद की बात है कि विगत 16 वर्षों में यह अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सकी। सभी गांवों, जिनकी आबादी 500 से ऊपर है, सड़क से आज भी महरूम हैं। आज अगर बिहार की स्थिति को देखें तो अभी भी आधी आबादी को सड़क मुहैया नहीं कराई जा रही है।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि विगत में जो प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का पैसे का बकाया लगभग 11 हजार करोड़ रुपया है, उसका भुगतान कराया जाये और जो तीन हजार किलोमीटर सड़क की डी.पी.आर. बिहार से बनकर आई है, उसकी शीघ्र स्वीकृति कराई जाये। यह मांग मैं रखता हूं और माननीय मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा।

माननीय अध्यक्ष : मंत्री जी, रूरल डैवलपमेंट के नहीं हैं।

श्री राम टहल चौधरी।